**<u>प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 09/2022)</u>**

# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

**भादूविप्रा ने आठ शहरों में नामतः आगरा, जोधपुर, शिवमोग्गा, चेन्नई, विजयवाड़ा, महबूबनगर, गंगटोक एवं धनबाद और एनएच-19 (दानकुनी से आसनसोल) में आयोजित ड्राइव टेस्ट पर रिपोर्ट जारी की।**

नई दिल्ली, 11 फरवरी 2022 : भादूविप्रा ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी ) की सहायता से सितंबर 2021 को समाप्त तिमाही में, आठ शहरों में नामतः आगरा, जोधपुर, शिवमोग्गा, चेन्नई, विजयवाड़ा, महबूबनगर, गंगटोक एवं धनबाद और एनएच-19 (दानकुनी से आसनसोल) में ड्राइव टेस्ट आयोजित किए। वॉयस और डेटा सेवाओं के लिए सेलुलर मोबाइल टेलीफोन सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदान की गई नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन करने के लिए, ड्राइव टेस्ट आयोजित किए गए थे। किए गए ड्राइव टेस्ट का विवरण नीचे दिया गया है;

## शहर

| क्रमांक | शहर | लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) |
|---|---|---|
| 1. | आगरा | उत्तर प्रदेश (पश्चिम) |
| 2. | जोधपुर | राजस्थान |
| 3. | शिवमोगा | कर्नाटक |
| 4. | चेन्नई | तमिलनाडु |
| 5. | विजयवाड़ा | आंध्र प्रदेश |
| 6. | महबूबनगर | आंध्र प्रदेश |
| 7. | गंगटोक | पश्चिम बंगाल |
| 8. | धनबाद शहर | बिहार |
| 9. | एनएच-19 (दानकुनी से आसनसोल) | पश्चिम बंगाल |

2. क्षेत्र में कार्यरत सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के नेटवर्क के लिए प्रमुख प्रदर्शन संकेतक (केपीआई) का मूल्यांकन किया गया था। वॉयस सेवाओं के लिए केपीआई हैं; कवरेज, कॉल सेटअप सफलता दर (सीएसएसआर); ड्रॉप कॉल दर; ब्लॉक कॉल दर, हैंडओवर सफलता दर; आरएक्स गुणवत्ता। डेटा सेवाओं के लिए केपीआई हैं; डाउनलोड और अपलोड थ्रूपुट, वेब ब्राउज़िंग विलंब, वीडियो स्ट्रीमिंग विलंब और विलंबता। पूरी रिपोर्ट ट्राई की वेबसाइट www.analytics.trai.gov.in पर उपलब्ध है

3. ड्राइव टेस्ट के मुख्य निष्कर्षों का सारांश नीचे दिया गया है:

**आगरा**: उत्तर प्रदेश (पश्चिम) एलएसए के आगरा एसएसए में ड्राइव टेस्ट आयोजित किया गया था, जिसमें कुल 610 किमी ड्राइव रूट शामिल था। आवाज और गतिशील डेटा परीक्षण के अलावा स्थिर डेटा परीक्षण (हॉटस्पॉट) के लिए भी आगरा एसएसए के 10 स्थानों पर परीक्षण किए गए थे। आगरा शहर में, बीएसएनएल 2जी और 3जी में मोबिलिटी एचओएसआर बेंचमार्क को पूरा करने में विफल रहा और आरएक्स गुणवत्ता (%) पैरामीटर के लिए, 2जी में एयरटेल, वीआई और बीएसएनएल और 3जी में बीएसएनएल बेंचमार्क को पूरा करने में विफल रहा।

**जोधपुर:** राजस्थान एलएसए के जोधपुर एसएसए का ड्राइव टेस्ट किया गया, जिसमें जोधपुर शहर और आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों और जोधपुर एसएसए के दो एसडीसीए मथानिया और पिपार को शामिल किया गया। ड्राइव टेस्ट में जोधपुर शहर और दो एसडीसीए के 362 किलोमीटर और 7 हॉटस्पॉट के ड्राइव रूट को कवर किया। यह पाया गया है कि 2जी और 4जी में आरएक्स गुणवत्ता (%) पैरामीटर के लिए वीआई को छोड़कर सभी ऑपरेटर वॉयस कॉल के लिए नेटवर्क मापदंडों को पूरा कर रहे हैं।

**शिवमोग्गा:** ड्राइव टेस्ट शिवमोग्गा शहर और आसपास के क्षेत्रों - भद्रावती और तीर्थहल्ली में विभिन्न स्थानों को कवर करते हुए आयोजित किया गया था। ड्राइव टेस्ट में लगभग 315 किलोमीटर के ड्राइव रूट को कवर किया। 8 नेटवर्क में से प्रत्येक के लिए लगभग 680+ कॉल किए गए थे और गतिशील डेटा परीक्षण भी किया गया था। पैरामीटर आरएक्स

गुणवत्ता% के लिए, 2जी और 3जी में वीआई को छोड़कर, सभी टीएसपी बेंचमार्क को पूरा करने में विफल रहे। ड्राइव टेस्ट के दौरान छह स्थानों पर स्थिर डेटा परीक्षण भी किया गया।

**चेन्नई:** ड्राइव टेस्ट चेन्नई शहर और आसपास के क्षेत्रों में 400 किलोमीटर और 5 हॉटस्पॉट के ड्राइव रूट को कवर करके किया गया था। 8 नेटवर्क में से प्रत्येक के लिए लगभग 600 कॉल किए गए: तीन 2G नेटवर्क, दो 3G नेटवर्क, तीन LTE नेटवर्क, जो 4 टीएसपी को कवर करते । सभी टीएसपी ने ड्रॉप कॉल रेट (डीसीआर) और ब्लॉक कॉल रेट (बीसीआर) मापदंडों के संदर्भ में बेंचमार्क को पूरा किया है। कुछ टीएसपी नेटवर्क आरएक्स गुणवत्ता% को पूरा नहीं करते - 2जी और 4जी नेटवर्क के लिए एयरटेल, 3जी के लिए बीएसएनएल और 4जी के लिए आरजियो।

**विजयवाड़ा:** विजयवाड़ा शहर और आसपास के क्षेत्रों में 360 किलोमीटर और 5 हॉटस्पॉट के ड्राइव रूट को कवर करते हुए ड्राइव टेस्ट किया गया है। प्रत्येक 9 नेटवर्क के लिए लगभग 600 कॉल किए गए: तीन 2जी नेटवर्क, दो 3जी नेटवर्क, चार एलटीई नेटवर्क, जो 4 टीएसपी को कवर करते हैं। सभी टीएसपी ने ड्रॉप कॉल रेट (डीसीआर), ब्लॉक कॉल रेट (बीसीआर), कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सीएसएसआर) बेंचमार्क को पूरा किया है। विनिर्देशों की तुलना में 3जी और 4जी डाउनलोड और अपलोड थ्रूपुट कम हैं। एयरटेल और वीआई के 4जी के लिए आरएक्स गुणवत्ता % बेंचमार्क पर खरे नहीं उतरे।

**महबूबनगर:** महबूबनगर एसएसए में 380 किलोमीटर और 5 हॉटस्पॉट के ड्राइव रूट को कवर करते हुए ड्राइव टेस्ट किया गया है। 8 नेटवर्क में से प्रत्येक के लिए लगभग 600 कॉल किए गए: तीन 2जी नेटवर्क, दो 3जी नेटवर्क, तीन एलटीई नेटवर्क, जो 4 टीएसपी को कवर करते हैं। सभी टीएसपी ने डीसीआर, बीसीआर और कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सीएसएसआर) मापदंडों के संदर्भ में बेंचमार्क को पूरा किया है। कुछ टीएसपी का नेटवर्क आरएक्स गुणवत्ता% बेंचमार्क पर खरे नहीं उतरे है - 4जी में एयरटेल, 2जी और 3जी में बीएसएनएल, 4जी में आरजियो और वीआई।

**गंगटोक:** 280 किलोमीटर के ड्राइव रूट को कवर करते हुए ड्राइव टेस्ट किया गया। 8 नेटवर्क में से प्रत्येक के लिए लगभग 200+ कॉल किए गए: तीन 2जी (जीएसएम) नेटवर्क, एक 3जी (यूएमटीएस) नेटवर्क और चार 4जी एलटीई नेटवर्क, जिसमें चार टीएसपी शामिल हैं। एयरटेल नेटवर्क में, 2जी नेटवर्क में आरएक्स गुणवत्ता% और 4जी नेटवर्क में एसआईएनआर% पैरामीटर बेंचमार्क पर खरे नहीं उतरे है। बीएसएनएल नेटवर्क के लिए, 2जी नेटवर्क में डीसीआर और आरएक्स गुणवत्ता% और 4जी नेटवर्क में सीएसएसआर, डीसीआर, एसआईएनआर, आरआरसी कंजेशन, बीसीआर, एचओएसआर पैरामीटर बेंचमार्क को पूरा नहीं करते है। आरजियो नेटवर्क में, पैरामीटर आरआरसी कंजेशन और एसआईएनआर बेंचमार्क को पूरा नहीं करते है।

**धनबाद:** 210 किलोमीटर और 5 हॉटस्पॉट के ड्राइव रूट को कवर करते हुए ड्राइव टेस्ट किया गया। 8 नेटवर्क में से प्रत्येक के लिए लगभग 180+ कॉल किए गए: तीन 2जी नेटवर्क, दो 3जी नेटवर्क और तीन एलटीई नेटवर्क, जिसमें चार टीएसपी शामिल हैं। ड्राइव रूट पर बीएसएनएल नेटवर्क में, 2जी नेटवर्क में सीएसएसआर, डीसीआर और 3जी नेटवर्क में सीएसएसआर, कॉल ड्रॉप दर और ईसी/एनओ पैरामीटर पर खरे नहीं उतरे है। 4जी नेटवर्क में एयरटेल, आरजियो और वीआई एसआईएनआर% पैरामीटर के बेंचमार्क को पूरा करने में विफल रहे।

**एनएच-19 (दानकुनी से आसनसोल):** 220 किलोमीटर और 1 हॉटस्पॉट के ड्राइव रूट को कवर करते हुए ड्राइव टेस्ट आयोजित किया गया था। 8 नेटवर्क में से प्रत्येक के लिए लगभग 80+ कॉल किए गए: तीन 2जी नेटवर्क, दो 3जी नेटवर्क और तीन एलटीई नेटवर्क, जिसमें 4 टीएसपी शामिल हैं। बीएसएनएल नेटवर्क में, 2जी नेटवर्क में एसडीसीसीएच कंजेशन, एचओएसआर और आरएक्स गुणवत्ता और 3जी नेटवर्क में डीसीआर और ईसी/एनओ बेंचमार्क पर खरे नहीं उतरे। आरजियो और वीआई ने 4जी नेटवर्क में एसआईएनआर% पैरामीटर के लिए, बेंचमार्क को पूरा नहीं किया। वीआई नेटवर्क में, 2जी नेटवर्क में आरएक्स गुणवत्ता% बेंचमार्क को पूरा नहीं करता है।

4. संपूर्ण रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.analytics.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण के मामले में, कृपया, श्री. असित कादयान, सलाहकार (क्यूओएस) से दूरभाष क्रमांक +91-11-2323-0404 या ईमेल आईडी: advqos@trai.gov.in पर संपर्क करें।

RAGHUNANDAN VARTHAKAVI

**(वी. रघुनंदन)**
**सचिव**